नई दिल्ली। बृहस्पतिवार • 13 फरवरी • 2020

राष्ट्रीय सहारा www.rashtriyasahara.com

नोएडा मेट्रो में जन्मदिन व प्री-वेडिंग पार्टी बनाएं यादगार

नोएडा (एसएनबी)। जन्मदिन की पार्टी करनी हो या शादी के पहले प्री-वेडिंग सेरेमनी को यादगार बनाना हो, इसके लिए नोएडा मेट्रो आपके साथ है। अब आप नोएडा मेट्रो के कोचेस किराए पर ले सकते है। इसमें सजावट का कार्य भी एनएमआरसी आपको करके देगी। यह पॉलिसी लागू कर दी गई है। इससे एनएमआरसी को राजस्व मिलेगा और एनएमआरसी अपनी पहचान। हालांकि प्रदेश में ऐसा पहली बार किया जा रहा है।

एनएमआरसी के अधिकारियों के बताया कि मेट्रो स्टेशन व ट्रेन फिल्म शूटिंग के लिए पहले से ही खुले है, लेकिन अब मेट्रो जन्मदिन की पार्टी और प्री-वेडिंग पार्टी भी की जा सकेगी। इसके लिए प्रतिघंटा 5 से 10 हजार रुपए खर्च करने होंगे। आवेदनकर्ता मेट्रो के एक कोच से लेकर चारों कोच तक बुक करवा सकते है। दस हजार प्रतिघंटे में एनएमआरसी कोच के अंदर सजावट कर देगी। इसके लिए आवेदनकर्ता को 15 दिन पहले एनएमआरसी में आवेदन करन होगा। यह पालिसी 'पहले आओ पहले पाओ' की तर्ज पर होगी। 20 हजार रुपए सिक्योरिटी मनी जमा करनी होगी। इस सिक्योरिटी को वापस कर दिया जाएगा।

अधिकारियों ने बताया कि आवेदनकर्ताओं के लिए दो सुविधा दी गई है। यदि वह चलती मेट्रो में अपना जन्मदिन मनाना चाहते है तो वह मेट्रो संचालन के समय पार्टी कर सकते है। यदि वह नॉन आपरेशनल के समय पार्टी करना चाहते है, तो रात 11 बजे सुबह 2 तक पार्टी कर सकते है, लेकिन एक पार्टी में 50 से ज्यादा लोग शामिल नहीं हो सकते। इसमें बच्चों व बुजुर्ग सभी को शामिल किया गया है, वहीं सुरक्षा के लिहाज से पार्टी में आने वाले लोगों को सुरक्षा जांच से गुजरना होगा इसके बाद मेट्रो के नियमों का पालन करना होगा।

एनएमआरसी पार्टी के लिए यह सुविधा देगा

- **मेट्रो कोच के अंदर एक सेंटर टेबल कोच में डस्टबिन के साथ एक हाउसकीपिंग स्टॉफ रहेगा।**
- **सुपरवाइजरी स्टॉफ ऑन डिमांड दिया जाएगा।**

5 से 10 हजार रुपए में प्रतिघंटे की दर से मेट्रो कोच की कर सकते है बुकिंग